अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली की शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर लेकर जा रहे हैं।

निर्माण विहार निवासी लीला जैन ने पुलिस को अपने घर में करोड़ों की चोरी होने की सूचना दी थी।

पीजीडीएवी कॉलेज में हवन के साथ नए छात्रों का हुआ स्वागत

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में बुधवार को प्रथम वर्ष के छात्रों का सत्र शुरू होने से पहले हवन का आयोजन किया गया।

हवन कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा के सानिध्य में किया गया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों सहित छात्रों ने भी भाग लिया। इसके पश्चात कॉलेज के सभागार में नवागन्तुक छात्रों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा ने नवागन्तुक छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज की विरासत व उपलब्धियों से परिचित कराया और आशा जतायी की वह इस यश व गौरव को और भी आगे लेकर जाएंगे।

दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) के प्राचार्या प्रो. रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार को पहले दिन ही कॉलेज में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं। उनका कॉलेज में चंदन तिलक से स्वागत भी किया गया।

पीजीडीएवी महाविद्यालय (सांध्य) में प्रथम दिन कक्षाएं हुई शुरू

दिल्ली विश्वविद्यालय के पी जी डी ए वी महाविद्यालय (सांध्य) के प्राचार्य प्रोफेसर रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आज पहले दिन ही कॉलेज में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाएं आरंभ कर दी गई है। उनका कॉलेज में चन्दन तिलक से स्वागत भी किया गया।

पी जी डी ए वी महाविद्यालय (सांध्य) में प्रथम दिन ही कक्षाएं प्रारंभ हुई : पी जी डी ए वी महाविद्यालय (सांध्य) के प्राचार्य प्रोफेसर रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आज पहले दिन ही कॉलेज में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाएं आरंभ कर दी गई है। उनका कॉलेज में चन्दन तिलक से स्वागत भी किया गया।

रामजस कॉलेज में इतिहास (ऑनर्स) में दाखिला लेने वालीं नेहल के साथ परिसर में पहले दिन उनकी मां भी आयीं थीं। नेहल ने कहा, ''रामजस मेरी पहली पसंद नहीं था, लेकिन मैं शिकायत नहीं कर रही, यह एक अच्छा कॉलेज है। मैं डीयू के परिसर में पहली बार जा रही हूं। मेरे कुछ दोस्तों ने भी इसी कॉलेज में दाखिला लिया है। यह एक अच्छा अनुभव होगा।'' श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में दाखिला लेने वालीं हरियाणा की गरिमा राजपूत अपनी नई यात्रा को लेकर उत्साहित और आशा से भरी थीं। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए खास दिन है। मैं यहां से बीकॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई करूंगी। यह कॉलेज बहुत प्रसिद्ध है। यह परिसर बहुत खूबसूरत है।'' राजपूत ने कहा, ''हमें कॉलेज के पहले दिन केवल दस्तावेज़ जमा करने हैं और फिर संवाद कार्यक्रम होगा। मुझे नहीं लगता कि पहले दिन कोई कक्षा होगी।'' नये बच्चों के स्वागत के लिए कॉलेज भर में पोस्टर चस्पा किए गए थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) जैसे छात्र संगठनों के सदस्य नए छात्रों की सहायता करते नज़र आये। नेहल और राजपूत उन हज़ारों विद्यार्थियों में शामिल हैं, जिन्होंने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंकों के आधार पर दाखिला लिया। हालांकि, डीयू के विभिन्न कॉलेजों में 70,000 सीटों पर प्रवेश अब भी जारी हैं, लेकिन पहले सेमिस्टर के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक वर्ष बुधवार से शुरू हो गया है।